

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I[st] ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 28 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 28 अगस्त का इतिहास

- **1600 :** मुगलों ने अहमदनगर पर कब्जा किया।
- **1904 :** कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन हुआ।
- **1984 :** सोवियत संघ भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **2008 :** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बिहार में आए बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया।
- **2008 :** भारतीय रिजर्व बैंक ने 1999 और 2000 के सभी नोटों को प्रचलन से हटाने का निर्णय किया।

## 28 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत में राष्ट्रीय राजमार्गो की लंबाई 2025 तक 1.8 लाख किमी. पर पहुंच जाएगी। वहीं इस दौरान रेलवे लाइन 1.2 लाख किलोमीटर हो जाएगी। यह अनुमान बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटी इंडिया की एक रिपोर्ट में लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जितने राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे लाइन 2025 में खत्म होने जा रहे दशक के दौरान बनाई जाएगीं, वह 1950 से 2015 के बीच किए गए संचयी निर्माण से कहीं अधिक होगा।
- सरकार ने एनडीडीबी के अध्यक्ष के रूप में मीनेश शाह के कार्यकाल को 6 महीने के लिए और बढ़ा दिया। मीनेश शाह का कार्यकाल अगले छह महीने के लिए 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। मीनेश शाह को 1 जून 2021 को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। भारत 12-15 सितंबर तक नई दिल्ली में दुनिया के सबसे बड़े डेयरी सम्मेलन-आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी सम्मेलन 2022 की मेजबानी करेगा। सम्मेलन का आयोजन पोषण और आजीविका के लिए डेयरी थीम के तहत किया जाएगा।
- रसायन और उर्वर मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर सभी उर्वरक कंपनियों को अपने उत्पादों को भारत के एक ही ब्रांड नाम के तहत बेचने का निर्देश दिया है।
- एचपीसीएल ने हरित ऊर्जा और पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रतिबद्धता की दिशा में एक उत्कृष्ट कदम के तहत राजस्थान के सांचोर में गोबर से संपीड़ित बायोगैस परियोजना की शुरूआत की। यह अपशिष्ट से ऊर्जा पोर्टफोलियो के तहत एचपीसीएल की पहली परियोजना होगी। बायोगैस का उत्पादन करने के लिए संयंत्र में हर दिन 100 टन गोबर का उपयोग करने का प्रस्ताव है, जिसका ऑटोमोबाइल ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इस परियोजना को एक साल की अवधि में चालू करने का प्रस्ताव है।
- डॉ एंथोनी फाउची ने अमेरिका के राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान के प्रमुख के रूप में पद छोड़ने की घोषणा की। डॉ.एंथोनी फाउची दिसंबर 2022 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के मुख्य चिकित्सा सलाहकार के रूप में भी पद छोड़ देंगे। डॉ एंथोनी फाउची ने 38 वर्षों तक एनआईएआईडी के निदेशक के रूप में कार्य किया।
- देश भर में 1,000 हरित ऊर्जा व्यवसाय बनाने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक और TP Renewable Microgrid Ltd टाटा पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने मिलकर हरित ऊर्जा व्यवसाय कार्यक्रम शुरू किया है। यह परियोजना देश भर में स्थायी व्यापार मॉडल को बढ़ावा देगी, जिसके परिणास्वरूप ग्रामीण उद्यमियों का सशक्तिकरण होगा।
- चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 13 से 15.7 फीसदी रहने का अनुमान है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों का कहना है कि पहली तिमाही में वृद्धि दर इससे अधिक भी रह सकती है। भारतीय स्टेट बैंक समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने वृद्धि दर पहली तिमाही में 15.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अंतिम आंकड़ा इससे ऊंचा रहने की संभावना है।
- इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड ने महात्मा फुले रिन्यूएबल एनर्जी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी लिमिटेड (महाप्रीत) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के तहत इरेडा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए महाप्रीत को वित्त सुविधाएं प्रदान करेगा। इरेडा अक्षय ऊर्जा और संरक्षण परियोजनाओं के लिए महाप्रीत को तकनीकी वित्तीय विशेषज्ञता भी प्रदान करेगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के फरीदाबाद में अमृता अस्पताल का भी उद्घाटन किया। यह छह हजार करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ 133 एकड़ के क्षेत्र में बनाया गया है। अमृता अस्पताल क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है। इसकी स्थापना माता अमृतानंदमयी अम्मा ने की थी। यह परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक सहायता प्राप्त संस्थान टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा बनाया गया है।
- मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के रवींद्र भवन में 12वें भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव की मेजबानी की। यह पहली बार है जब यह उत्सव मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया।
- भारत और यूके ने अनुभव वाणिज्यिक अदालतों में सर्वोत्तम कार्य पद्धतियों और एडीआर तंत्रों का आदान-प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की।
- जलवायु परिवर्तन की वजह से आर्कटिक जल के गर्म होने के कारण ग्रीनलैंड में घोंघा मछली का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व जल सप्ताह 2022 कब से कब तक मनाया जाएगा ?**

(A) 23 अगस्त से 1 सितंबर तक

(B) 24 अगस्त से 2 सितंबर तक

(C) 25 अगस्त से 3 सितंबर तक

(D) 28 अगस्त से 1 सितंबर तक

**(A)** विश्व जल सप्ताह 23 अगस्त से 1 सितंबर 2022 तक मनाया जाएगा। विश्व जल सप्ताह वैश्विक जल मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय विकास से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए 1991 से स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय जल संस्थान द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है।



**2. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने सवाई मानसिंह स्टेडियम के इनडोर हॉल में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के शुभंकर 'शेरू' का अनावरण किया ?**

(A) राजस्थान (B) हरियाणा

(C) केरल (D) उत्तरप्रदेश

**(A)** सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य में 29 अगस्त से ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए 40 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ओलंपिक सभी आयु वर्ग के लिए हैं। इन खेलों में करीब 30 लाख लोग हिस्सा लेंगे।



**3. अंतरिक्ष की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए भारत की पहली वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता वेधशाला कहाँ स्थापित की जाएगी ?**

(A) कृष्णागिरी (तमिलनाडु) (B) गढ़वाल (उत्तराखंड)

(C) जामताड़ा (झारखंड) (D) कोंडागांव (छत्तीसगढ़)

**(B)** अंतरिक्ष से धरती की परिक्रमा कर रही 10 सेंटीमीटर आकार तक की वस्तुओं पर नजर रखने के लिये भारत की पहली वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता वेधशाला उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। इस वेधशाला का निर्माण अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्ट-अप कंपनी दिगंतरा द्वारा किया जाएगा।



**4. सिंगापुर की तर्ज पर भारत का पहला नाइट सफारी और जैव विविधता पार्क कहाँ बनाया जाएगा ?**

(A) हैदराबाद (तेलंगाना) (B) बेंगलुरू (कर्नाटक)

(C) मुंबई (महाराष्ट्र) (D) लखनऊ (उत्तरप्रदेश)

**(D)** उत्तरप्रदेश राज्य सरकार द्वारा सिंगापुर की तर्ज पर भारत का पहला नाइट सफारी और जैव विविधता पार्क लखनऊ के कुकरैल वन में बनाया जाएगा। भारत में 13 अब तक ओपन डे सफारी पार्क है, लेकिन एक भी नाइट सफारी पार्क नहीं है। यह एक ओपन एयर चिड़ियाघर होगा, जो केवल रात में खुलेगाफ सफारी में रात में जानवरों के लिए चंद्रमा की रोशनी की नकल करते हुए हल्की रोशनी की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें पर्यटक ओपन जीप से रात के वक्त जानवरों को देख सकेंगे।



**5. शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए किस राज्य सरकार ने भारत की पहली शिक्षा टाउनशिप स्थापित करने की घोषणा की ?**

(A) झारखंड (B) बिहार

(C) उत्तरप्रदेश (D) उत्तराखंड

**(C)** उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में शिक्षा के स्तर को बेहतर और ऊँचा करने के लिए अमेरिका जैसे देशों की तर्ज पर शिक्षा टाउनशिप विकसित करने जा रही है। इन टाउनशिप में छात्रों को सभी प्रकार की शिक्षा व विभिन्न तरह के कौशल विकास प्रशिक्षण एक ही जगह उपलब्ध करवाएं जाएंगे।

**6. अंडर-20 जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2022 की पदक तालिका में भारत ने कितने पदक जीते है ?**

(A) 15 (B) 16

(C) 18 (D) 11

**(B)** भारत इस प्रतियोगिता में 16 पदकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा है, जिसमें 1 स्वर्ण, 4 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल है। भारतीय पहलवानों ने अंडर-20 जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। पुरुषों की फ्री स्टाइल कुश्ती में भारत 112 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं महिलाओं की फ्री स्टाइल कुश्ती में भारत 160 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा है।




**7. हाल ही में विदेश मंत्रालय ने विक्रम दोराईस्वामी को यूनाइटेड किंगडम में किस देश के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है ?**

(A) भारत (B) अमेरिका

(C) रूस (D) जापान

**(A)** विदेश मंत्रालय ने विक्रम दोराईस्वामी को यूनाइटेड किंगडम में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। वह वर्तमान में बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त है। वह 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। इससे पहले प्रणय कुमार वर्मा को बांग्लादेश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया था।



**8. ताइवान जलसंधि को फॉर्मोसा जलसंधि नाम दिया गया ?**

(A) डच द्वारा (B) चीनी लोगों द्वारा

(C) अंग्रेजों द्वारा (D) पुर्तगालियों द्वारा

**(D)** हाल ही में ताइवान ने कहा कि 5 चीनी विमानों द्वारा ताइवान जलसंधि मध्य रेखा को पार किया गया। ताइवान जलसंधि को फॉर्मोसा जलसंधि भी कहा जाता है। सबसे संकरे बिंदु पर इसकी चौड़ाई 100 मील है। इसका विस्तार दक्षिण और पूर्वी चीन सागर के बीच दक्षिण पश्चिम से उत्तर-पूर्व तक है।



**9. हाल ही में किसने पराग्वे में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया है ?**

(A) निर्मला सीतारमण (B) एस जयशंकर

(C) राजनाथ सिंह (D) नरेंद्र मोदी

**(B)** हाल ही में एस जयशंकर ने पराग्वे में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी पराग्वे की यात्रा के दौरान ऐतिहासिक कासा डी ला इंडिपेंडेंसिया की यात्रा की। जहां से दो सदी से भी अधिक समय पहले दक्षिण अमेरिकी देश की आजादी का आंदोलन शुरू हुआ था।



**10. हिंदू धर्म के संदर्भ में मंडला आर्ट का अस्तित्व सबसे पहले दिखाई देता है ?**

(A) सामवेद (B) अथर्ववेद

(C) ऋग्वेद (D) यजुर्वेद

**(C)** संस्कृत में मंडला का शाब्दिक अर्थ है 'सर्कल' या 'केंद्र'। इसे एक ज्यामितीय विन्यास द्वारा परिभाषित किया जाता है। यह आमतौर पर किसी न किसी रूप में गोलाकार आकार को शामिल करता है। जबकि इसे एक वर्ग के आकार में भी बनाया जा सकता है, मंडला पैटर्न अनिवार्य रूप से परस्पर जुड़ा होता है।

